कार्यालय-अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0 : 889 /शैक्षिक/2025 दिनांक : नवम्बर 13, 2025

-:कार्यालय ज्ञापः-

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025-26 में समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विषम सत्र 2025-26 की नियमित एवं कैरीओवर परीक्षाओं के परीक्षा फॉर्म भरने की **अंतिम तिथि 15/11/2025 को विस्तारित करते हुए दिनांक 25/11/2025 तक किया जाता है।** उक्त प्रक्रिया को विश्वविद्यालय के ERP Portal (https://erp.hbtu.ac.in/slogin.aspx) के माध्यम से परीक्षा फॉर्म पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही, कैरी ओवर परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहे छात्र ERP Portal के माध्यम से ही ऑनलाइन आवेदन एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क रु0 1000/- प्रति विषय की दर से जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा मे विलम्ब शुल्क के रूप में रु0 200/- प्रतिदिन (अधिकतम रु0 1000/-) के साथ परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दी जाएगी। समयान्तर्गत परीक्षा फॉर्म न भरने की स्थिति में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जायेगा जिसका उत्तरदायित्व स्वयं छात्र का होगा।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि **परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि के उपरान्त किसी प्रकार का कोई भी तर्क (व्यक्तिगत/ई0आर0पी0 पोर्टल से सम्बंधित) विलम्ब शुल्क माफ करने हेतु मान्य नहीं होगा।** शैक्षिक सत्र 2025-26 के नियमित एवं कैरी ओवर परीक्षाओं के प्रवेश पत्र, परीक्षा के तीन दिन पूर्व ERP Portal के माध्यम से निर्गत किए जायेंगे।

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- समस्त विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना के क्रम में अपने विभागाध्यक्ष के ERP लॉगिन से Subject/Course Master Data को पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2- अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि समस्त छात्रावासों के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3- परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4- सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5- कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6- वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7- विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे मा0 कुलपति महोदय के संज्ञान मे लाने का कष्ट करें।
8- सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

V Dixit 13/11/2025

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप